मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-170
31/03/2021

वयोवृद्ध गांधीवादी एवं समाजसेवी द्वारिका सुन्दरानी जी के निधन पर मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुये शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 31 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वयोवृद्ध गांधीवादी एवं समाजसेवी द्वारिका सुन्दरानी जी के निधन पर गहरी शोक–संवेदना प्रकट करते हुये उनके प्रति श्रद्धांजलि प्रकट की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्व0 द्वारिका सुन्दरानी जी ने अपना पूरा जीवन समाजसेवा में समर्पित कर दिया था। बोधगया में इनके द्वारा ऑखों की मोतियाबिंद के ऑपरेशन ट्रस्ट का लंबे समय से संचालन किया जाता रहा है। इन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। श्रद्धेय स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा भी इन्हें सम्मानित किया गया था। इनके निधन से सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******